Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute 8-D, Kutchery Road. Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

BOYS' HIGH SCHOOL AND COLLEGE
FIRST TERM EXAMINATION 2023-24
HINDI
CLASS: IX

TIME- 3 hrs **M.M.-80**

The paper comprises two sections section A and Section B.

Attempt any four questions from section A. Attempt any four questions from Section B answering at least one question each from the two books you have studied and any two other questions.

Section A (40 marks)

(Attempt all Questions)

Question-1

निम्नलिखित विषयो मे से किसी एक विषय मे लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए:– **[15]**

(i) आज विश्व के अधिकांश देश हमारी भारतीय संस्कृति के उपहार योग को अपना चुके है। जीवन मे योग की अनिवार्यता तथा उससे मिलने वाले लाभों का वर्णन कीजिए।

(ii) समाज मे फैली समस्याओं मे मँहगाई तथा जनसंख्या वृद्धि एक गंभीर समस्या है। इसके कारणो तथा दुष्परिणामों का उल्लेख करते हुए बताइए कि सरकार तथा जनता इससे मुक्त होने के लिए क्या–क्या प्रयास कर रही है?

(iii) "एक गंदी मछली सारे तालाब को गंदा कर देती है।" पंक्ति को आधार बनाकर एक मौलिक कहानी लिखिए।

(iv) आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में रिश्ते नातों की अहमियत खत्म होती जा रही है? इसके क्या कारण है। आप अपने रिश्तो की संजोने के लिए क्या करेंगे।

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर कोई घटना, कहानी अथवा प्रसंग का वर्णन कीजिए जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से हो।

Question-2

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी मे लगभग 120 शब्दो में पत्र लिखिए। **[7]**

(i) आपके मोहल्ले में चोरी की घटनाएँ बहुत बढ़ रही है। उनकी रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष को गश्त बढ़ाने हेतु पत्र लिखिए।

(ii) आपने अपने विद्यालय ब्वॉयज हाई स्कूल एण्ड कॉलेज मे आयोजित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओ मे बहुत से मेडल और प्रमाण पत्र प्राप्त किए है। अपने पिताजी को पत्र लिखकर अपनी उपलब्धियो के बारे मे बताइए।

Question-3

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नो के उत्तर हिंदी मे लिखिए। उत्तर यथासंभव अपनी भाषा मे होने चाहिए। **[10]**

जोखू ने लोटा मुँह से लगाया तो पानी से सख्त बदबू आई। गंगी से बोला– यह पानी कैसा है? मारे बास के पिया नहीं जाता। गला सूखा जा रहा है और तू सड़ा हुआ पानी पिलाए देती है।

गंगी प्रतिदिन शाम को पानी भर लिया करती थी। कुआँ दूर था, बार–बार जाना मुश्किल था। कल वह पानी लाई, तो उसमें बू बिल्कुल न थी, आज पानी में बदबू कैसी? लोटा नाक से लगाया, तो सचमुच बदबू थी। अवश्य कोई जानवर कुएँ में गिरकर मर गया होगा, मगर दूसरा पानी आवे कहाँ से?

ठाकुर के कुएँ पर कौन चढ़ने देगा? दूर से लोग डॉट लगाएँगे। साहू का कुआँ गाँव के उस सिरे पर है, परंतु वहाँ भी कौन पानी भरने देगा? चौथा कुआँ गाँव मे है ही नहीं।

जोखू कई दिनों से बीमार है। कुछ देर तक तो प्यास रोके चुप पड़ा रहा, फिर बोला–अब तो मारे प्यास के रहा नहीं जाता। ला, थोड़ा–सा पानी नाक बंद करके पी लूँ।

गंगी ने, पानी न दिया। खराब पानी पीने से बीमारी बढ़ जाएगी–इतना जानती थी, परंतु यह न जानती थी कि पानी को उबाल देने से उसकी खराबी जाती रहती है। बोली यह पानी कैसे पियेगें? न जाने कौन जानवर मरा है। कुएँ से मै दूसरा पानी लाए देती हूँ।

"ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो है। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे?

'हाथ–पॉव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा। बैठ चुपके से।

ब्राम्हण–देवता आशीर्वाद देंगे, ठाकुर लाठी मारेंगे, साहू जी एक के पॉच लेंगे। गरीबों का दर्द कौन समझता है। हम तो मर भी जाते है, तो कोई दुआर पर झॉकने नहीं आता, कंधा देना तो बड़ी बात है। ऐसे लोग कुऍं से पानी भरने देंगे?

इन शब्दों मे कड़वा सत्य था। गंगी क्या जवाब देती, किंतु उसने वह बदबूदार पानी–पीने को नहीं दिया।

(i) पानी से बदबू क्यों आ रही थी?

(ii) गॉव में कितने कुऍं थे और वे किसके थे? स्पष्ट कीजिए।

(iii) गंगी ने जोखू को पानी क्यों नही पीने दिया?

(iv) गंगी ने कहॉ से पानी लाने की बात कही तथा जोखू ने उसे क्यों मना कर दिया?

(v) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक बताते हुए उसकी व्याख्या कीजिए।

Question-4

निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए– **[8]**

(1) 'ईद का चॉद होना' मुहावरे का अर्थ बताइए–

(a) बहुत कम सुंदर होना ( )
(b) गायब हो जाना ( )
(c) बहुत बड़ा होना ( )
(d) बहुत दिनों बाद दिखना ( )

(2) 'कान खड़े होना' मुहावरे का अर्थ बताइए–

(a) सतर्क होना ( )
(b) उदास होना ( )
(c) जुगली करना ( )
(d) बाधा डालना ( )

(3) पत्थर शब्द का विशेषण शब्द बताइए–

(a) पथरीला ( )
(b) पथरी ( )
(c) पत्थरीला ( )
(d) पथरेला ( )

(4) अहिंसा का विशेषण बनाइए–

(a) हिंसा ( )
(b) अहिंसक ( )
(c) हिंसक ( )
(d) अहिंसा ( )

(5) 'सत्य गॉधी जी बोलते थे सदा–

(a) गॉधी जी सदा सत्य बोलते थे ( )
(b) सदा सत्य बोलते थे गॉधी जी ( )
(c) गॉधी जी बोलते थे सदा सत्य ( )
(d) सत्य बोलते थे गॉधी जी सदा ( )

(6) मीठा बोलने वाला–

(a) मृदु भाषी ( )
(b) मातृभाषी ( )
(c) भाषायी ( )
(d) मितभाषी ( )

(7) बही रंग का शुद्ध रूप क्या होगा–

(a) बहिरंग ( )
(b) बिहि रंग ( )
(c) बिरागी ( )
(d) बिहिरगी ( )

(8) अतिथि की भाववाचक संज्ञा–

(a) अतिथि ( )
(b) आतिथ्य ( )
(c) अतिथेय ( )
(d) अतिथि ( )

Section B (40 marks)

(खण्ड ख)

इस खण्ड मे केवल चार प्रश्नो के उत्तर दे।

साहित्य सागर–संक्षिप्त कहानियॉ

Question-5

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नो के उत्तर हिन्दी मे लिखिए।

वह सोचता, "यहॉ इतने सालों से हूँ। अमीर लोग नौकरों पर विश्वास नही करते, किंतु मुझ पर यहॉ कभी किसी ने संदेह नही किया।

– बात अठन्नी की (सुदर्शन)

(i) वह शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है। वह क्या सोचता था? **[2]**

(ii) रसीला के घर की स्थिति का संक्षेप मे वर्णन कीजिए? **[2]**

(iii) रसीला कौन था? वह इंजीनियर बाबू के यहॉ नौकरी क्यो नही छोड़ना चाहता था? **[3]**

(iv) रसीला के मित्र का क्या नाम था? वह किसके यहॉ नौकरी करता था? **[3]**

Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute 8-D, Kutchery Road. Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute 8-D, Kutchery Road. Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

Question-6

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नो के उत्तर हिंदी मे लिखिए।

दोनो घण्टो साथ बैठते, बातें करतें।

'बात अठन्नी की'

(i) 'दोनों' शब्द किस किस की ओर संकेत करते है? [2]

(ii) रमजान और रसीला किस–किस के यहॉ काम करते थे। [2]

(iii) उन दोनो लोगो के मालिकों मे क्या समानता था? [3]

(iv) किस घटना से स्पष्ट होता है कि दोनों मे बहुत गहरी मित्रता थी? [3]

Question-7

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नो के उत्तर हिंदी मे लिखिए।

उसनें कोई बहाना न बनाया। चाहता तो कह सकता था कि यह साजिश है।

– बात अठन्नी की (सुदर्शन)

(i) रसीला क्या बहाना बना सकता था? उसने क्या अपराध किया था? [2]

(ii) रसीला कौन था? उसका परिचय दीजिए? [2]

(iii) हमें अपने नौकरो के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए प्रस्तुत कहानी के आधार पर उदा0 देकर समझाइए? [3]

(iv) इस कहानी मे लेखक ने समाज की कौन सी बुराई को प्रकट करने का प्रयास किया है? वह इसमे कितना सफल हुआ। [3]

Question-8

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नो के उत्तर लिखिए

गुरू गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पॉय।
बलिहारी गुरू आपनों, जिन गोविंद दिगौ बताय।।

जब मैं था तब हरि नहीं अब हरि है मै नाहि।
प्रेम नाली अति सॉकरी, तामे दो न समाहि।।

– सारवी (कबीरदास)

(i) कवि किसके बारे में क्या सोच रहे हैं? [2]

(ii) कवि किसके ऊपर न्यौछावर हो जाना चाहते है तथा क्यो? [2]

(iii) ईश्वर का वास कहॉ नहीं होता है? कवि हमें क्या त्यागने की प्रेरणा दे रहे है? कवि का संक्षिप्त परिचय देते हुए बताइए? [3]

(iv) सॉकरी शब्द का क्या अर्थ है? प्रेम गली मे क्या–क्या साथ नहीं रह सकते है? समझाइए। [3]

Question-9

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नो के उत्तर हिन्दी मे लिखिए

पाहन पूजै हरि मिले तो मै पूजूँ पहार।
ताते ये चाकी भली पीस खाए संसार।
खात समंद की मसि करो, लेखनि सब बनराय
सब धरती कागद करो, गुरू गुन लिखा न जाए।

(i) सात समंद 'कहकर कवि' क्या स्पष्ट करना चाहते है? [2]

(ii) निम्नलिखित शब्दो के अर्थ लिखिए– कॉकर, लेखनि, पाहन, ताते [2]

(iii) गुरू गुण लिखा न जाए' –कबीर नें ऐसा क्यों कहा? [3]

(iv) कबीरदास जी का संक्षिप्त परिचय लिखिए? [3]

Question-10

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नो के उत्तर हिंदी मे लिखिए–

कॉकर पाथर जोरि कै, मसजिद लई बनाय।
ता चढ़ि मुल्ला बॉग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय।।
पहान पूजे हरि मिले, तो मै पूजूँ पहार।
ताते ये चाकी भली, पीस खाय संसार।।

(i) प्रस्तुत पंक्तियो के माध्यम से कवि का क्या आशय है? [2]

(ii) "कॉकर पाथर जोरि कै मसजिद लई बनाय" इन पंक्तियो के माध्यम से कवि ने मनुष्य की किस प्रवृत्ति की ओर संकेत किया है? [2]

(iii) कबीरदास जी की भाषा के विषय में आप क्या जानते है? समझाइए। [3]

(iv) कबीरदास जी ने मनुष्य की मूर्ति पूजा व दिखावे की भावना का खंडन किया है, क्यो? [3]